गोकुल झूमे मथुरा झूमे | by Anup Saawariya

गोकुल झूमे मथुरा झूमे झूम रहा बरसाना
नन्द यशोदा के घर जन्मे प्यारो प्यारो कान्हा
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई

दूर दूर से श्याम दरस को आये हैं नर नारी
दर्शन करने को आये हैं भोलेनाथ भंडारी
पूरनमासी के चंदा सो लागे आज कन्हाई
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई

कोई लाया माखन मिश्री कोई लाया मेवा
जां पे जैसो भी बन पायो वैसी कर दी सेवा
कोई लाया खेल खिलोने कोई दूध मलाई
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई

दर्शन करने जो भी आये जय जयकार लगाए
मात यशोदा नन्द लाला जी फूले नहीं समाये
थाली बाजे ढोलक बाजे बाजे रे शहनाई
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई
होवे होवे जी बधाई आज जन्मे कन्हाई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%b2-%e0%a4%9d%e0%a5%82%e0%a4%ae%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a5%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%9d%e0%a5%82%e0%a4%ae%e0%a5%87-by-anup-saawariya/